डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | आश्विन शुक्ल पक्ष 05-2083 | भोपाल, दिन गुरुवार, दिनांक 15 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

राजा भोज हिंदू उत्सव समिति की चुनरी यात्रा में उमड़ा मातृशक्ति का सैलाब

भोपाल। राजा भोज हिंदू उत्सव समिति की ओर से आयोजित भव्य चुनरी यात्रा में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। लाखापेढ़ी स्थित श्री लोधाजी हनुमान मंदिर से शुरू हुई यात्रा शिवानंदजी स्थित संतोषी माता मंदिर पहुंची। यात्रा में सैकड़ों माताओं एवं बहनों ने उत्साहपूर्वक शामिल होकर आयोजन को भक्तिमय बना दिया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं पर उत्साह देखते ही बना। कार्यक्रम में हुजूर विधायक एवं समिति के संरक्षक रामेश्वर शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यात्रा के संयोजक एवं भाजपा भोपाल जिला मंत्री योगेश बासवानी ने आयोजन में सहभागी सभी माताओं-बहनों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने में भारतीय मानकों की भूमिका पर चर्चा

विश्व मानक दिवस पर भोपाल में मानक महोत्सव

भोपाल। विश्व मानक दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के भोपाल शाखा कार्यालय ने बुधवार को होटल रेजिडेंसी ब्लू में मानक महोत्सव आयोजित किया। इसमें किसानों एवं स्टार्टअप कंपनियों को बढ़ावा देने में गैरजरूरी मानकों की भूमिका पर चर्चा हुई। बीआईएस के वैज्ञानिक-ई एवं निदेशक गोकुलराज रिजवान ने अतिथियों का स्वागत किया। वैज्ञानिक-ई योगेश्वर तोमर ने विश्व मानक दिवस की थीम बताते हुए गुणवत्ता, सुलभता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में मानकीकरण की महत्वपूर्ण भूमिका समझाई। कार्यक्रम में मानकों के अनुपालन और गुणवत्ता के प्रति युवाओं को प्रेरित करने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा बीआईएस लाइसेंसधारियों को सम्मानित किया गया।

ओबीसी आरक्षण के समर्थन में सपा आज करेगी प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

भोपाल। कांग्रेस के 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण के समर्थन में समाजवादी पार्टी बुधवार को प्रदेशव्यापी प्रदर्शन करेगी। पार्टी राजधानी भोपाल सहित सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेगी। इससे पिछड़ा वर्ग को आबादी के अनुपात में आरक्षण देने और इसे संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की जाएगी। बुधवार को भोपाल में सपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनीस यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा सरकार पर पिछड़ा वर्ग को अधिकार देने में देरी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदावत में सही आंकड़े और तथ्य प्रस्तुत नहीं कर रही, जिससे आरक्षण का बनावटी सीमारेखा में उलझा है।

आप्टा में 21 हजार एकड़ और धरमपुरी में 954 एकड़ में औद्योगिक पार्क की तैयारी, निवेश और रोजगार के नए अवसर बनाने की योजना

इंदौर-भोपाल-जबलपुर एक्सप्रेस-वे के किनारे विकसित होगा औद्योगिक कॉरिडोर



डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल।

भोपाल। मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए इंदौर, भोपाल और जबलपुर को जोड़ने वाले प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे के आसपास औद्योगिक कॉरिडोर विकसित करने की तैयारी की जा रही है। करीब 600 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को केवल आवागमन तक सीमित रखने के बजाय उद्योगों की स्थापना और निवेश बढ़ाने के माध्यम के रूप में विकसित करने की योजना है। इसके लिए एक्सप्रेस-वे के आसपास उपयुक्त जमीन चिह्नित कर नए औद्योगिक क्षेत्र तैयार किए जाएंगे।

धरमपुरी में 954 एकड़ का औद्योगिक पार्क

जबलपुर-भोपाल मार्ग पर धरमपुरी में 954 एकड़ क्षेत्र में मल्टी प्रोडक्ट इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना पर 826 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र की स्थिति ऐसी है कि यहां से जबलपुर लगभग 40 किलोमीटर, नरसिंहपुर 150 किलोमीटर, नागपुर 280 किलोमीटर और भोपाल करीब 297 किलोमीटर दूर है। इस क्षेत्र में विनिर्माण इकाइयों के संचालन के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

आप्टा में 21 हजार एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र

भोपाल-इंदौर मार्ग पर सीहोर जिले के आप्टा में 5,482 हेक्टेयर यानी करीब 21 हजार एकड़ में औद्योगिक पार्क विकसित करने पर विचार हो रहा है। इसके अतिरिक्त बड़वाहकलां और डीजोला में भी औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना बनाई जा रही है।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, संबंधित क्षेत्र में करीब 8 हजार एकड़ सरकारी और सरकारनामा औद्योगिक विकास निगम की जमीन उपलब्ध है। इसके अलावा लगभग 5 हजार हेक्टेयर निजी भूमि अधिग्रहित करने की योजना है। जमीन की उपलब्धता और औद्योगिक जरूरतों के आधार पर आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी।

एक साल में तय होंगे नए औद्योगिक क्षेत्र

उद्योग विभाग गठित ट्रान्सेक्शनल गाइड से संभावित औद्योगिक क्षेत्रों की समीक्षा कर रहा है। जमीन और सड़क संपर्क की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए एक साल के भीतर यह तय करेगी कि एक्सप्रेस-वे के आसपास किन स्थानों पर नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा सकते हैं। योजना का उद्देश्य इन्हीं क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करना और औद्योगिक गतिविधियों को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराना है।

कैबिनेट में अन्य प्रस्तावों पर भी चर्चा

गुरुवार सुबह 11 बजे होने वाली कैबिनेट बैठक में सिवनी, सीहोर, नरसिंहपुर और पांढुर्ना में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय खोलने तथा आवश्यक पदों की मंजूरी के प्रस्ताव भी रखे जाने हैं। इसके अलावा सांदीपनि स्कूलों की बसों का किराया बढ़ाने पर चर्चा संभावित है। प्रस्ताव के अनुसार, किराया तय करने का अधिकार राज्य स्तर के बजाय कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला समिति को दिया जा सकता है। बताया गया है कि 19 जिलों में अब संचालन के लिए ऑपरेटर नहीं मिलने से करीब 15 लाख रुपये प्रभावित हैं। विभिन्न विभागों की योजनाएं 31 मार्च 2026 तक जारी रखने के संबंध में बैठक में रखे जा सकते हैं।

प्रधान आरक्षक के पास मिली करीब 30 करोड़ रुपये की संपत्ति, लोकायुक्त ने 15 ठिकानों पर मारे छापे



डीआर संवाददाता ▸▸ इंदौर।

पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज (पीटीपी) इंदौर में पदस्थ प्रधान आरक्षक फिरोज खान के ठिकाने आज दी अधिक संपत्ति के मामले में लोकायुक्त ने बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार सुबह इंदौर और उज्जैन की लोकायुक्त टीमों ने देवास और इंदौर सहित 15 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। प्रारंभिक जांच में करीब 29.73 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति सामने आने की जानकारी दी गई है। यह संपत्ति आय से 568 प्रतिशत अधिक बताई गई है।

विवादित जमीनों के सौदे-देन में हस्तक्षेप की शिकायत

लोकायुक्त अधिकारियों के अनुसार, फिरोज खान लंबे समय से पीटीपी इंदौर में तैनाती से अनुपस्थित था। उसके खिलाफ शिकायत मिली थी कि वह पुलिस का प्रभाव दिखाकर विवादित जमीनों, प्लॉटों और संपत्तियों के सौदे-देन में हस्तक्षेप करता था। सांवेर क्षेत्र में एक विवादित जमीन का सौदा कर सके महिला के नाम कराने के मामले में भी शिकायत की गई थी। इसके बाद मामले की जांच शुरू हुई।

33 अचल संपत्तियों का पता चला

लोकायुक्त की प्रारंभिक जांच के अनुसार, आरोपी को वेतन से लगभग 75 लाख रुपये की आय होने का अनुमान है। अन्य स्रोतों से आय जोड़कर कुल आय 1 करोड़ 93 लाख 84 हजार 440 रुपये आंकी गई है। इसकी मुकाबले करीब 29 करोड़ 73 लाख 18 हजार 788 रुपये की संपत्ति का आकलन किया गया है।

जांच के दौरान अब तक 33 अचल संपत्तियों की जानकारी सामने आई है। इनमें आरोपी, उसकी पत्नी, भाई, दो बेटियों और संचित ट्रेडिंग कंपनी के नाम पर दर्ज संपत्तियां शामिल बताई गई हैं। कुछ रासीदों को बेनामी होने की आशंका के आधार पर भी जांच में शामिल किया गया है।

प्रदेश की 125 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1834 करोड़ रुपये अंतरित

सीएम डॉ. मोहन यादव ने जारी की योजना की 41वीं किस्त, गैस सिलेंडर रीफिल के लिए भी 115 करोड़ रुपये ट्रांसफर

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को उमरिया जिले के मानपुर जनपद पंचायत के पुरवाही गांव से आयोजित लाड़ली बहना योजना सम्मेलन में प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख महिलाओं के बैंक खातों में योजना की 41वीं किस्त की राशि अंतरित की। इस दौरान कुल 1834 करोड़ रुपये महिलाओं के खातों में ट्रांसफर किए गए। इसके साथ ही उन्नत्ता योजना और लाड़ली बहना योजना की पात्र



हितग्राही महिलाओं को गैस सिलेंडर रीफिल के लिए 115 करोड़ रुपये की राशि भी अंतरित की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये दिए जा रहे हैं। योजना शुरू होने से अब तक 65 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि हितग्राहियों के खातों में पहुंचाई जा चुकी है।

महिलाओं की आर्थिक मजबूती पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं से जुड़े जो भी वादे करती है, उन्हें पूरा करने की दिशा में काम कर रही है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ उन्हें समाज में आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में महिलाएं कलेक्टर जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों की जिम्मेदारी संभाल रही हैं।

बिना नंबर की स्कॉर्पियो के गुप्त खानों से मिले 1.29 करोड़ रुपये, तीन गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ▸▸ मंदसौर।

जिले में पुलिस ने बिना नंबर की स्कॉर्पियो से 1 करोड़ 29 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। वाहन में विशेष रूप से बनाए गए गुप्त खानों में रकम छिपाकर रखी गई थी। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस नकदी के स्रोत और इसे ले जाने के उद्देश्य की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, रामगढ़ थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि बरखेड़ा उगा गांव के समीप स्कॉर्पियो वाहन नीमच से



धार की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर नाकेबंदी की गई। इसी दौरान एक स्कॉर्पियो को रोका गया। वाहन में बैठे तीन लोगों से पूछताछ की गई। संदेह होने पर वाहन की तलाशी ली गई।

पुलिस ने वाहन के गुप्त खानों से नकदी बरामद की। जब्त की गई नकदी की गिनती की गई। इसके बाद तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पुलिस ने संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर वाहन को सीमा पर जब्त कर लिया गया। मैकेनिक की मदद से जांच करने पर गुप्त खानों से नकदी बरामद हुई।

गरबा पंडाल में प्रवेश से पहले गोमूत्र पिलाने की धीरेंद्र शास्त्री ने कही बात

डीआर संवाददाता ▸▸ सागर।

नवरात्रि के अवसर पर गरबा पंडालों में प्रवेश और धार्मिक पहचान को लेकर बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि गरबा में कुछ लोग अपनी पहचान छिपाकर आ सकते हैं। ऐसे में बाहरी लोगों को गोमूत्र पिलाने के बाद ही गरबा पंडाल में प्रवेश देने की व्यवस्था होनी चाहिए।



उन्होंने इसे घर वापसी से जोड़ते हुए अपनी बात रखी। "खाओ-पीओ वही जरो विहाई, हम सब हिंदू भाई-भाई।"

यात्रा का जगह-जगह स्वागत

शास्त्री की यात्रा का रहली बायपास पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। रास्ते में कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक एकता का संदेश देते हुए कहा, "खाओ-पीओ वही जरो विहाई, हम सब हिंदू भाई-भाई।"

नशामुक्त गांव बनाने की अपील

धार्मिक आयोजन के दौरान शास्त्री ने लोगों से नशा छोड़ने और अपने गांव को नशामुक्त बनाने की अपील भी की।

पटवारी सम्मेलन 27 को, पूरी हो सकती है 28 साल से लंबित मांग, 1998 से लंबित वैतनमान संशोधवेत काम मांग

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश के पटवारियों की वर्ष 1998 से लंबित वैतनमान संशोधन की मांग पर जल्द निर्णय होने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके लिए 27 अक्टूबर को राजधानी भोपाल में राज्य स्तरीय पटवारी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेशभर के पटवारी शामिल होंगे। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं और वैतनमान उन्नयन की घोषणा कर सकते हैं। पटवारी लंबे समय से वैतनमान में संशोधन की मांग कर रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर वे पहले भी कई बार आंदोलन कर चुके हैं, लेकिन अब तक मांग पूरी नहीं हुई है।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद बनी सहमति

हाल ही में सामाजिक योजना के क्रियान्वयन को लेकर पटवारियों और सरकार के बीच गतिरोध बना था। पटवारियों ने योजना के तहत रजिस्ट्री संबंधी कार्य करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद 9 अक्टूबर को मुख्यमंत्री से मुलाकात हुई, जिसमें पटवारियों ने वैतनमान संशोधन की मांग भी रखी।

सूत्रों के मुताबिक, सरकार की ओर से पटवारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई वापस लेने और लंबित मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया गया था। माध्यस्थता में भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर और मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के उपाध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा की भूमिका बताई जा रही है।

मौसम उत्तरी हवाओं से पारे में एक डिग्री तक कमी, शुक्रवार से रविवार के बीच कुछ जिलों में हल्की बारिश की संभावना

पहाड़ों पर बर्फबारी का असर, मध्यप्रदेश में गिरने लगा दिन का तापमान

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू होने और हवाओं का रुख बदलने से मध्यप्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। बुधवार को राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में दिन के तापमान में औसतन एक डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार से रविवार के बीच प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में और कमी आ सकती है।

सागर में तीन डिग्री तक गिरा पारा

बुधवार को प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सागर में सबसे अधिक तीन डिग्री सेल्सियस की कमी आई। यहां अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक रहा। भोपाल, इंदौर, गुना, रायसेन और नरसिंहपुर सहित करीब एक दर्जन जिलों में भी दिन के तापमान में लगभग एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।



उत्तरी हवाओं के प्रभाव से तापमान में गिरावट का दौर शुरू हुआ है। राजधानी सहित प्रदेश के कुछ हिस्सों में बादलयुक्त की वजह से भी दिन के तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

हालांकि, मौसम केंद्र के अनुसार फिलहाल मौसम में किसी बड़े बदलाव के संकेत नहीं हैं। आने वाले दिनों में तापमान और बारिश की स्थिति पर मौसम प्रणालियों का असर देखने को मिल सकता है।

नमी बढ़ने से मौसम में बदलाव

उत्तरी हवाओं के प्रभाव से तापमान में गिरावट का दौर शुरू हुआ है। राजधानी सहित प्रदेश के कुछ हिस्सों में बादलयुक्त की वजह से भी दिन के तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

हालांकि, मौसम केंद्र के अनुसार फिलहाल मौसम में किसी बड़े बदलाव के संकेत नहीं हैं। आने वाले दिनों में तापमान और बारिश की स्थिति पर मौसम प्रणालियों का असर देखने को मिल सकता है।

सप्ताहांत में हल्की बारिश के आसार

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, शुक्रवार से रविवार के बीच प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। बारिश होने पर दिन के तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

हालांकि, मौसम केंद्र के अनुसार फिलहाल मौसम में किसी बड़े बदलाव के संकेत नहीं हैं। आने वाले दिनों में तापमान और बारिश की स्थिति पर मौसम प्रणालियों का असर देखने को मिल सकता है।

डीजे बंद कराने पर विवाद, टीटी नगर थाने का घेराव

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

टीटी नगर क्षेत्र में गंगोत्तर-बुधवार की गणेशजी रात तो काली प्रतिमा स्थापना के पल तमरोह में डीजे बंद कराने को लेकर विवाद हो गया। समिति पदाधिकारियों ने पुलिसकर्मी पर बिना बातचीत किए लोगों पर डंडे चलाने का आरोप लगाया। घटना के बाद भीड़ ने टीआई विवेक और पुलिसकर्मियों से बहस व धक्का-मुक्की हुई। बाद में 100 से अधिक हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता टीटी नगर थाने पहुंचे और घेराव कर कार्रवाई की मांग की। वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप से स्थिति शांत हुई।

पुलिस के अनुसार, चल समारोह में तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। रात करीब



1:15 से 2 बजे के बीच समरोह अपेक्स बैंक तिराहे पर पहुंचा। डीजे संचालन अनुमति नहीं दिखा सके और वाहन सड़क पर खड़े थे। पुलिस ने कार्रवाई के तहत चार डीजे संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

इनमें गटकाना डीजे, नीलमणी इवेंट, बाबा इवेंट सीहोर और ना सारदा बिट्स डीजे शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, कार्यवाई बिना अनुमति तेज आवाज में डीजे बजाने, सड़क रोकने और साउंड सिस्टम में नियम विरुद्ध बदलाव को लेकर की गई।

टीआई गरिमा सिंह पोहर ने बताया कि घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। थाने के घेराव और हंगामे को लेकर फिलहाल कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन शुक्ल पक्ष 05-2083 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 15 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

सोयाबीन उपार्जनरू किसानों का पंजीयन 17 तक

सीहोर। मध्यांतर योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में सोयाबीन फसल के लिए प्रदेश के किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 17 अक्टूबर तक किया जाएगा। किसान सोयाबीन के पंजीयन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल तथा समर्थन एप पर पंजीयन करा सकेंगे।

2 40 लाख बहनों को 35 37 करोड़ की राशि जारी

सीहोर। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने समरिमा में हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख पात्र महिलाओं के बैंक खातों में 1,500 रुपए के मान से आर्थिक सहायता राशि डिजिटल लिंक से ट्रांसफर की। इसी के साथ सीहोर जिले की 2 लाख 40 हजार 411 बहनों के खातों में 35 करोड़ 37 लाख 66 हजार 400 रुपए से अधिक की राशि भी अंतरित की गई।

सतर्कता और मॉनिटरिंग समिति की बैठक आज

सीहोर। सरकारी निवारण अधिनियम, 1989 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की त्रैमासिक बैठक होती रहती है। निर्देश के अनुसार बैठक 15 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी।

अधिकारियों पर जुर्माना

सीहोर। कलेक्टर वल्लभ्रुल डे के निर्देशानुसार लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराया जा रहा है। लोक सेवा गारंटी के तहत निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं प्रदान नहीं करने पर जिले के अधिकारियों पर जुर्माना लगाया गया है। संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी आवेदनों का निराकरण नहीं किया गया था। द्वितीय अपीलीय अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पाढलिया के पदोन्नतित अधिकारी बदामी लाल माझी द्वारा जन्म का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत सीलखेट के रामेश्वर पंवार द्वारा मृत्यु का प्रमाण पत्र तथा ग्राम पंचायत झाली के सुकलाल बारेला द्वारा जन्म का प्रमाण पत्र निर्धारित समय-सीमा में प्रदान नहीं किया गया।

इस अवज्ञा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए प्रत्येक पर 250-250 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ग्राम पंचायतों के सचिव, विभागीय पदाभिहित अधिकारियों द्वारा अधिरोपित जुर्माने की राशि नियमानुसार संबंधित मद से जमा कराकर उसकी दो प्रतियां इस कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

धरना

कोसमी में पांचवें दिन भी जारी रहा आदिवासियों का धरना, मांगों पर अड़े परिवार

कमिश्नर और कलेक्टर ने समझाइश, नहीं निकला समाधान, आज सुबह तक हजार लोगों के साथ भोपाल कूच की चेतावनी

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले के कोसमी गांव में आदिवासी परिवारों के मकान तोड़े जाने और फसलों को नुकसान पहुंचाने के मामले में कुशवाह की पांचवें दिन भी धरना जारी रहा। विवाद का समाधान निकालने और प्रभावित परिवारों से मिलने के लिए भोपाल संभाग के कमिश्नर कमलवीर शर्मा तथा कलेक्टर बालमुरु के लहित प्रशासनिक अधिकारी गांव पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की, लेकिन मांगों पर सहमति नहीं बन सकी। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि मांग पूरी होने तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा।

प्रदर्शनकारियों के अनुसार, प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को वैकल्पिक भूमि या पंचायत में बुलाया था, लेकिन परिजन ने धरना स्थल छोड़ने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि वर्षों करनी है तो अधिकारी धरना स्थल पर आए। समझाइश के बाद परिजन दो सदस्यीय पंचायत में पहुंचे और अधिकारियों के सामने अपना पक्ष रखा। इसके बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं हो सका। प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार सुबह 5 बजे तक मांगें पूरी नहीं होने पर 10 से 15 हजार लोगों के साथ पैदल भोपाल कूच करने की चेतावनी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर अपनी बात रखने की घोषणा की है।

मकान, फसल और कुएं के नुकसान की भरपाई की मांग

आदिवासी समाज की प्रमुख मांगों में तोड़े गए मकानों के बदले नए मकान बनाना, प्रभावित परिवारों के खेत और भोजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा फसलों के नुकसान का मुआवजा देना शामिल है। इसके अलावा शुरू हो चुके से हुए नुकसान की भरपाई और कार्रवाई के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर लापरवाही की जांच की मांग की गई है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि अब तक दर्ज की गई शिकायतों में से अधिकांश पर कार्रवाई की जा चुकी है।

थाने में शिकायत देकर मांगी सुरक्षा

मामले में कांग्रेस के हरिवल्लभ परिहार-बिजौरिया ने सीहोर थाने में शिकायत देकर हमलावरों पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि कुशवाह परिवार को लगातार धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

प्रशासन ने अतिक्रमण का हवाला दिया

बरखेड़ा खुर्द में अनुसार, जहां सीहोर से बस रूट पर अतिक्रमण का उल्लेख किया गया है। सिहोर से सलकनपुर, वर्ष 2001 में बन विकास निगम ने सीहोर जिले में 237 तालाब बनाए थे। इनमें से 18 तालाब पर ही कब्जे हुए और 2018 हैक्टेयर भूमि पर कब्जे की बात सामने आई है। प्रशासन ने पुष्टि, एसडीएम और पुलिसबल सहित टीमों को बरखेड़ा में तालाबों के अतिक्रमण को हटाने के आदेश दिए थे। इन टीमों को 11 दिन के भीतर काम पूरा करने का निर्देश दिया गया था। इसी के तहत यह कार्रवाई की गई है।

तीन दिन में जवाब मांग चुका है आयोग

11 अक्टूबर को वन विकास निगम की कार्रवाई में आदिवासी परिवारों के 12 मकान तोड़े जाने और फसलों को नुकसान पहुंचाने की बात सामने आई थी। प्रभावित परिवारों से मिलने पहुंचे कांग्रेस पूर्व मंत्री विजयलक्ष्मी सिंह बौहान ने भी उनकी पीड़ा सुनी थी। 12 अक्टूबर को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने मामले में सलकनपुर सरपंच के संबंधित अधिकारियों से तीन दिन में जवाब मांगा था। 13 अक्टूबर को सिहोरा तहसीलदार मनीष जोशवा ने धरना स्थल का पहुंचकर ज्ञापन परिवारों को न्याय दिलाने की बात उठाई। कलियास अनेक्षेत्र शर्मा ने कहा कि प्रभावित परिवारों में बच्चों की भी कई है। अभी तक्की की जांच का रिपोर्ट तैयार की जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही गई है।

कोसमी के आदिवासी परिवारों के समर्थन में उतरी कांग्रेस,



डीआर संवाददाता»सीहोर

बुधनी विधानसभा क्षेत्र के लाडकुई कलिक के ग्राम कोसमी में वन भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। आदिवासी परिवारों पर हुई कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने पीड़ितों से मुलाकात कर उनके प्रति समर्थन जताया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कार्रवाई के दौरान परिवारों की खड़ी फसल पर मुलतोहार चलाया गया, मकान तोड़े गए और पेयजल के लिए उपयोग किए जाने वाले कुओं को भी क्षतिग्रस्त किया गया।

कांग्रेस नेता ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और जिला अध्यक्ष राजीव गुजवाली के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी लाडकुई के प्रतिनिधि राजियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की गई। इस दौरान सभी दुख में शामिल होकर कांग्रेस की ओर से हर संभव सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया गया।

कांग्रेस नेताओं ने भाजपा के क्षेत्रीय नेताओं और जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगाया कि वे अतिक्रमणकारियों की आड़ लेकर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए पार्टी उनके साथ खड़ी रहेगी।

कांग्रेस ने 15 अक्टूबर को पीड़ित परिवारों द्वारा पोगात तक निकाली जाने वाली पैदल यात्रा को समर्थन देने की घोषणा की है। पार्टी के अनुसार, इस यात्रा के माध्यम से प्रभावित परिवार अपनी मांग और समस्याएं शासन तक पहुंचाएंगे। कांग्रेस ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की है।

भोपाल-इंदौर मार्ग पर खड़ी वैन में अचानक लगी आग धू-धू कर जली

डीआर संवाददाता»सीहोर



सोनल-इंदौर इंदौर पर सड़क किनारे खड़ी एक वैन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते वैन आग की लपटों से घिर गई। घटना के समय वाहन में कोई सवार नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

वाहनों में आग लगने की घटनाओं पर चिंता

जानकारी के अनुसार, वैन में आग लगने की घटना एक वैकल्पिक संस्थान के पास हुई। घना स्थानीय दमकल और शहरीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। वाहनों में आग लगने की घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। उन्होंने प्रशासन से ऐसी घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षा इंतजामों पर ध्यान देने की मांग की है।

सलकनपुर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, मां विजयासन के दर्शन को पहुंचे एक लाख से अधिक श्रद्धालु

डीआर संवाददाता»सीहोर



शारदीय नवरात्रि के अवसर पर सलकनपुर स्थित मां विजयासन देवी धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। अब तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु मां के दर्शन कर चुके हैं। नवरात्रि के चलते मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। रात के समय दूर-दूर से श्रद्धालु पहाड़ी पर स्थित मां विजयासन के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। दर्शन के लिए लगातार भक्तों के आने का सिलसिला जारी है। मंदिर परिसर में भीड़ को व्यवस्थित रखने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

सुरक्षा व्यवस्था पर पुलिस की नजर

बुधनी के एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि सलकनपुर देवी धाम और मंदिर परिसर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिसकर्मी भीड़ प्रबंधन के साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर नजर रख रहे हैं, ताकि दर्शन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

मां के दर्शन को पहुंचते हैं लाखों भक्त

सलकनपुर धाम में हर साल नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां विजयासन के दर्शन करने पहुंचते हैं। यहां मंदिर में मां के प्रति गहरी आस्था है। नवरात्रि के चलते मंदिर में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है।

टाउन हॉल के पास गणेश प्रतिमाओं के अवशेष और पूजन सामग्री से भरा था कुंड, नवरात्रि के समापन पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन से पहले हुई सफाई

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर के टाउन हॉल के पास स्थित प्रतिमा विसर्जन कुंड की बदहाल स्थिति को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद नगर पालिका प्रशासन ने शनिवार अभियान चलाया। गणेश उत्सव के दौरान विसर्जित प्रतिमाओं के अवशेष, टूटे दुलदे और पूजन सामग्री लंबे समय से कुंड में जमा थे। नवरात्रि के समापन पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन से पहले गंदगी को लेकर नागरिकों और श्रमिकों में चिंता थी।

इस समस्या को लेकर 14 अक्टूबर को खबर प्रकाशित की गई थी। इसके बाद उसी दिन नगर पालिका का अमला जेसीबी मशीन और सफाई कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचा। टीम ने कुंड में जमा गणेश प्रतिमाओं के अवशेष, पलाश और साड़ी-चुनरी पूजन सामग्री बाहर निकाली। कुंड के किनारास पॉलिथीन कचरे को भी जमा किया। नवरात्रि के समापन पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन से पहले गंदगी को लेकर नागरिकों और श्रमिकों में चिंता थी।

विसर्जन से पहले सफाई जरूरी

जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल के समीप बनाए गए विसर्जन कुंड में गणेश उत्सव के बाद काफी मात्रा में कचरा जमा हो गया था। इससे प्रतिमाओं के टूटे हिस्से, फूल-मालाएं, पूजन सामग्री और खाली प्लास्टिक की थैलियां शामिल थीं। कुंड की स्थिति ऐसी थी कि नवरात्रि में श्रद्धालुओं को प्रतिमाओं के सम्मान पर एक दुर्गा प्रतिमाओं से जोड़कर्ता को लेकर सवाल उठने लगे थे।

इसके अलावा पर्यावरण और स्वच्छता के लिए काम करने वाली टीटल पुर टीम की ओर से रखा गया डिस्प्लेयर पात्र भी क्षतिग्रस्त हो चुका था। ऐसे में धार्मिक आयोजनों के बाद विसर्जन स्थलों की नियमित सफाई और देखरेख की जरूरत महसूस की जा रही थी।

नियमित सफाई की जरूरत

नगर पालिका की कार्रवाई से शहर में जमा अवशेषों को हटाने का काम शुरू हुआ। हालांकि, धार्मिक आयोजनों के दौरान और उनके समापन के बाद विसर्जन स्थलों की नियमित सफाई जरूरी है, ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो और शहर की स्वच्छता भी बनी रहे।

पेड़ पर मिले दोनों के शव, मौत की वजह स्पष्ट नहीं, पुलिस सभी पहलुओं की कर रही जांच

डीआर संवाददाता»सीहोर



जिले के इछावर थाना क्षेत्र के मोखावली गांव में नवविवाहित दंपती की मौत का मामला सामने आया है। दोनों के शव गांव के पास एक पेड़ पर मिले। बताया जा रहा है कि दंपती की शादी करीब दो महीने पहले हुई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद गांव में हलचल मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फिलहाल दंपती की मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस घटनास्थल से संबंधित जानकारी जुटाने के साथ-साथ के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

मामले में मौत की परिस्थितियां स्पष्ट होने के बाद ही स्थिति सामने आ सकेंगी। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

चुनरी यात्रा

आज निकलेगी भव्य चुनरी यात्रा, मां कंरौली वाली को अर्पित होगी 151 मीटर लंबी चुनरी

हजारों श्रद्धालु होंगे शामिल, झांकियां, अखाड़े और उज्जैन के कलाकारों की प्रस्तुतियां

डीआर संवाददाता»सीहोर



नवरात्रि के पावन अवसर पर गुरुवार को शहर में मां जगदंबा के प्रति आस्था और श्रद्धा का प्रतीक भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह 10:30 बजे प्रसिद्ध शक्तिपीठ करौली वाली माता मंदिर से विधि-विधान के साथ यात्रा का शुभारंभ होगा। इसमें हजारों की संख्या में महिलाएं, युवतियां, दुख और श्रद्धालु शामिल होंगे। इस दौरान मां के जयकारों से शहर का वातावरण भक्तिमय होगा। यात्रा में मां करौली वाली को 151 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी।

यही, हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी की जाएगी।

नगर पालिका अध्यक्ष एवं हिंद रक्षक युवा समिति के संरक्षक प्रिंस पाठेरे ने बताया कि करौली वाली माता मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। चुनरी यात्रा की परंपरा पिछले 14 वर्षों से लगातार जारी है। हर वर्ष बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु इसमें शामिल होकर मां के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करती हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से यात्रा में शामिल होकर मां जगदंबा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

यात्रा में दुर्गावाहिनी की घोड़ेकवए भी शामिल होंगी। आकर्षक सांस्कृतिक झांकियां, अखाड़ों के प्रदर्शन और उज्जैन से आने वाले कलाकारों की प्रस्तुतियां आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेंगी। पांकि नीली और जयकारों के बीच निकलने वाली यात्रा नवरात्रि के उत्साह और धार्मिक परंपराओं की झलक प्रस्तुत करेगी।

चुनरी यात्रा के स्वागत के लिए शहर के प्रमुख मार्गों पर सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों की ओर से स्वागत मंच बनाए गए हैं। इन मंचों से श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। आयोजकों ने मातृशक्ति, युवाओं और भगिनी नगरियों से गुरुवार सुबह 10:30 बजे करौली वाली माता मंदिर पहुंचकर यात्रा में सहभागी बनने का आह्वान किया है। सहभागी बनने का आह्वान किया है।

नवरात्रि में भी अंधेरे में डूबे सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्र, जनप्रतिनिधि दें जवाब: हरपाल ठाकुर

डीआर संवाददाता»सीहोर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य हरपाल ठाकुर ने नवरात्रि के पावन पर्व पर सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर गंभीर चिंता जताई और जिले के जनप्रतिनिधियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सहित जिले में दो विधायकों और सांसदों से जुड़ा है कि हर पांच मा दक्षिण की कटौती हो रही है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह समस्या बहुत कम देखने को मिलती है। इससे ग्रामीण जनता को भारी असुविधा हो रही है।

किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा

हरपाल ठाकुर ने कहा कि सीहोर, आष्टा, इछावर के और तुलसी सहित जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में 14 घंटे की बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। रात में खेत-खेत बिजली गुल होने से जीवों की नींद का प्रभावित हो रही है। किसानों को खेती-किसानी में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं छात्र-छात्राओं की पढ़ाई और नवरात्रि की आस्थाना भी न प्रभावित हो रही है। इसको बावजूद डिस्पेंसर से जनप्रतिनिधियों की ओर से इस समस्या के समाधान के ही लिए प्रभावी पहल क्यों नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार के संज्ञान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से सवाल किया कि आखिर ग्रामीण जनता को लगातार बिजली के लिए परेशान क्यों होना पड़ रहा है? जनता ने अपने प्रतिनिधियों को चुनकर विधानसभा और संसद तक पहुंचाया है, इसलिए उसकी समस्याओं का समाधान कराना भी उनकी जिम्मेदारी है। ठाकुर ने मांग की कि जिले के सभी जनप्रतिनिधि अघोषित बिजली कटौती का मुद्दा अनुकंपा से उठाएं और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए ठोस निर्णय कराएं। उन्होंने कहा कि जब तक समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जाते, तब तक जनप्रतिनिधियों को हर मुद्दे पर संघर्ष से प्रयास करते रहना चाहिए।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैलूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन शुक्ल पक्ष 05-2083 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 15 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

ग्राम स्वास्थ्य और पोषण दिवस सत्रों का आयोजन

सीहोर। जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवंपोषण दिवस आंशिक 9-दिन पोर्टलपर 228 सत्रों की योजना बनाई गईथी, जिनमें से 228 सत्र आयोजित किए गए। आयोजित सत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुशील कुमार डेहरिया के निर्देशन में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस आयोजित सत्र में शून्य से 1 वर्ष तक के 1105 बच्चे, 1 वर्ष से अधिक आयु के 486 बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही 193 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच की गई। डॉ. डहरिया ने स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को छूट बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा गर्भवती महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

40 विद्यार्थियों ने मत्स्य पालन केंद्र का शैक्षणिक किया भ्रमण

सीहोर। प्रयोगशाला कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अंदरखेड़ा आष्टा पीजीमहाविद्यालय सीहोर के छात्री छात्रा 40 एवं एवंसहायक विभाग के मार्गदर्शन एवं आचार्य डॉ शैलेन्द्र कुमार शर्मा के सहयोग से एगएससी पि एच डीएससी के लगभग 40 विद्यार्थियों ने मत्स्य पालन केंद्र जतुनिया का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण को दौरान गतत विभाग के डिप्टी डायरेक्टर प्रवीण हर्ष ने मत्स्य पालन केंद्र में तालाबों की खुदाई, कोन सी प्रजातिया का पालन किया जाता है। इसमें रोजगार एवं व्यवसाय कि जनुमेय सहायता लिया आदी बात कोने प्राप्त की जा सकती है तथा विद्यार्थियों ने नर्सरी से ब्रीडिंग स्टॉकिंग फीड एवं मार्केटीस हेचरी के बारे में भी जानकारी प्राप्त की शैक्षणिक भ्रमण में प्राणी शास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. रमजान अंडेसरिया डॉ नितीन वाघ प्रो श्याम जुगार प्रो. मिंटू रोहिया प्रो. सैनिक सिंह एवं प्रयोगशाला तकनीशियन पैन्या पटोलिया उपस्थित रहे।

सोयाबीन उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 17 अक्टूबर तक

सीहोर। भारत सरकार की प्राइस डिफिशिएट प्रोक्योर स्कीम (भावांतर योजना) के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में सोयाबीन फसल के लिए प्रदेश के किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 17 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। किसान सोयाबीन के पंजीयन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पंजीयन करा सकेंगे

मां बगलामुखी मंदिर की अखंड ज्योति 1995 से प्रज्ज्वलित

मैकंदा। नगर स्थित मां बगलामुखी मंदिर में वर्ष 1995 से अखंड ज्योति निरंतर प्रज्वलित है। नवरात्रि के दौरान मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। मां के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं नवरात्रि में मंदिर में राजिकालीन विशेष मां बगलामुखी हवन का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर में प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे आरती होती है, जिसमें भक्त शामिल होकर मां की आराधना करते हैं। नवरात्रि की नवमी पर विशेष महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

पुलिस पंचायत सीहोर में वरिष्ठनागरिक पुलिस पंचायत की बैठक में तीन प्रमुख मामलों की सुनवाई

बेटे की प्रताड़ना से घर छोड़ने को मजबूर हुए पिता, पुलिस पंचायत में सुलझा विवाद

डीआर संवाददाता•सीहोर।



परिवार के भीतर संपत्ति, भरण-पोषण और आपसी विवादों के कारण बुजुर्गों को किन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, इसकी तस्वीर वरिष्ठ नागरिक पुलिस पंचायत की बैठक में सामने आई। पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी रावतेना के निर्देश पर आयोजित बैठक में अपनी से परेशान वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के नेतृत्व में हुई सुनवाई में कई मामलों में दोनों पक्षों को समझाइश देकर सहमति बनाने का प्रयास किया गया।

बैठक में वेर जनेटी सायरा अनिल गारीवाल, साधुराम शर्मा, कमल सिंह ठाकुर और मिसूल सलाक मौजूद रहे। बैठक में परिवारिक विम्मेदारियों, जमीन के बीटे और मकान पर अधिकार से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई।

जमीन की खेती और माता-पिता के भरण-पोषण पर बनी सहमति

पहले प्रकरण में ग्रामीण क्षेत्र के 70 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक ने शिकायत की कि उनके चार बेटे और बहुएं हैं, लेकिन आपसी विवाद के चलते माता-पिता की सेवा, भरण-पोषण और इलाज की जिम्मेदारी खेती के बंटवारे और मकान पर अधिकार से जुड़े मामलों की सुनवाई को लेकर ही एकाई परेशान किया जाता है। पंचायत ने दोनों पक्षों को समझाइश दी कि बुजुर्गों की देखभाल और उनकी जरूरतों को पूरा करना परिवार की जिम्मेदारी है। सुनवाई के बाद सहमति बनी कि जमीन पर खेती करने वाला बेटा वर्षभर की राशि अंतिम देगा। साथ ही परिवार के सदस्य माता-पिता के इलाज और भरण-पोषण में सहयोग करेंगे।

50 लाख रुपये के जमीन सौदे का विवाद नहीं सुलझा

दूसरे मामले में दूसरीय नियारी एक वरिष्ठ नागरिक ने शिकायत की कि एकाधि तीन साल पहले बनीना क्षेत्र में जमीन खरीदने के लिए 50 लाख रुपये दिए थे, लेकिन अनुबंध भी किया था। बाद में सौदा पूरा नहीं हो पाया और रकम वापस मिलने में परेशानी होने लगी। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने अपना पक्ष रखा। रकम वापसी और सौदा टूटने से हुए नुकसान को लेकर सहमति नहीं बन सकी। पंचायत ने मामले में खानूनी सलाह लेने की सुनवाई की गई। कुछ मामलों में जमनी तारीख तय की गई, जबकि अन्य में संबंधित पक्षों की उपस्थिति और आवश्यक दस्तावेज मंगवाने के निर्देश दिए गए।

दूसरी शादी के बाद बेटे से विवाद, मकान में रहने पर सहमति

तीसरे प्रकरण में एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी ने बताया कि पत्नी की मृत्यु के बाद दूसरी शादी करने पर उनके बेटे से विवाद होने लगा। बेटे के झगड़े और परेशान करने के कारण उन्हें अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

पंचायत ने स्पष्ट किया कि मकान पिता ने बनाया है, इसलिए उन्हें अपने मकान में रहने और उसके संबंध में निर्णय लेने का अधिकार है। पत्तागर्ज के बाद दोनों पक्षों में सहमति बनी कि पिता अपनी इच्छा के अनुसार मकान का नामीनीकरण कराएंगे और छोटे बेटे की शादी करेंगे। मकान में कमरों का उपयोग आपसी सहमति से तय किया जाएगा। बेटे ने पिता से विवाद नहीं करने और उन्हें परेशान नहीं करने पर सहमति जताई।

बैठक में अन्य प्रकरणों की भी सुनवाई की गई। कुछ मामलों में जमनी तारीख तय की गई, जबकि अन्य में संबंधित पक्षों की उपस्थिति और आवश्यक दस्तावेज मंगवाने के निर्देश दिए गए।

श्यामपुर-दोराहा क्षेत्र में सोयाबीन फसल नुकसान, बिजली कटौती



डीआर संवाददाता•श्यामपुर

राशि की मांग

ज्ञापन में सबसे प्रमुख मुद्दा श्यामपुर-दोराहा तहसील के गावों में सोयाबीन की फसल को हुए नुकसान का है। इसमें बताया गया है कि अतिवृष्टि, अल्पवर्षा और प्राकृतिक आपदा जैसी परिस्थितियों के कारण किसानों को गारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। ऐसे में प्रभावित किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाने और राहत राशि उपलब्ध कराने की मांग की गई है। हरिसिंह सिंह गौर संभाग संयोजक- दीपक तनौ, पंडा जीतेला लता मंत्री द् मोहनबाबी फाँदीदार पेशवा सामेकारी पोर्टल गौर रघुवीर सिंहदी, इंजिनीम विश्वकर्मा, ज्ञानेंद्र गौना राकेश शर्मा। नारायण सिंह जी पार, रामभरोसे जी, छायाचित्रकार जी गौर, राजेश फॉल, सत्यवादी सुरे-इलाम्पुत फलाप्रसाद ,प्रानसिंह आदि

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग, कांग्रेस का प्रदर्शन

डीआर संवाददाता•बुदनी



बुदनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को बुदनी में ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ज्ञानेश कुमार के पुतले का दहन करने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस ने पुतले पर पानी डालकर आग बुझा दी। इसके बाद पुलिस ने पुतला अपने कब्जे में ले लिया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैनर के जरिए भी विरोध जताया। बैनर में ज्ञानेश कुमार को कुर्सी पर बैठा दिखाया गया था। इसके हाथों में रस्सी बंधी थी, जिसका दूसरा सिरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में दिखाया गया। कार्यकर्ताओं ने इस बैनर को जलाकर अपना विरोध दर्ज कराते हुए ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग दोहराई।

आष्टा रोजगार मेले में 186 युवाओं का विभिन्न कंपनियों में चयन

डीआर संवाददाता•सीहोर।



जिले के आष्टा में आयोजित रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों ने अलग-अलग पदों के लिए 186 युवाओं का चयन किया। रोजगार मिलने की उम्मीद लेकर पहुंचे युवाओं के लिए यह मेला उपयोगी साबित हुआ। चयनित युवाओं के मेले पर खुशी दिखाई दी। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करना था। रोजगार मेले में एक ही स्थान पर कई कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिलने और अपनी योग्यता के अनुरूप अवसर तलाशने की सुविधा मिली। युवाओं के अनुसार, इस अवसर के आयोजनों से उन्हें अपनी शैक्षणिक योग्यता और कौशल के अनुरूप रोजगार चुनने का अवसर मिला है। साथ ही, साक्षात्कार देने और कंपनियों की भर्ती प्रक्रिया को समझने से उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। मेले में 186 युवाओं का चयन स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। रोजगार मिलने से युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने और परिवार की जिम्मेदारियों में सहयोग करने का अवसर मिलेगा। ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी क्षमताओं को पहचानने तथा भविष्य के लिए बेहतर विकल्प चुनने में मदद करते हैं।

मरीह माता मंदिर में दुर्गाष्टमी पर 101 से अधिक औषधियों से होगा हवन

डीआर संवाददाता•सीहोर



सीहोर। शहर के विधानसभा स्थित प्राचीन सिद्ध माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किए जा रहे हैं। बुधवार को नवरात्रि के चौथे दिन मां दूर्गाष्टमी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान मंदिर व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। दुर्गाष्टमी के अवसर पर मंदिर में 101 से अधिक दुर्लभ औषधियों और जड़ी-बूटियों के साथ हवन किया जाएगा। यही रात्रि 12 बजे महाविद्या आरती का आयोजन होगा।

सरकार संघ के प्रचारी मनोज दीक्षित भाया ने बताया कि मंदिर में हर वर्ष नवरात्रि के दौरान दुर्गाष्टमी पर विशेष औषधि हवन और महाविद्या आरती की जाती है। इस बार भी सर्वसामूहगण की कामना के साथ अनुष्ठान कराया कराया जाएगा। हवन में 101 से अधिक प्रकार की औषधियों, जड़ी-बूटियों और शुद्ध घी का उपयोग किया जाएगा। महाआरती और भंडारी के कार्यक्रमों को लेकर मंदिर में तैयारियां जारी हैं।

उल्लेखनीय प्रकाश कि सार्वजनिक मान्यताओं के अनुसार मां दुर्गाष्टमी अपनी भक्त नुस्कान से प्रहार की रक्षा करने वाली देवी मानी जाती है। नवरात्रि के सीधे दिन उनकी पूजा की जाती है। मां दुर्गाष्टमी की आराधना से शुद्ध-सामृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होने की मान्यता है। मंदिर में आयोजित होने वाले विशेष हवन और आरती में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह है। नवरात्रि के इन आयोजनों के मद्देनजर से मंदिर परिसर में भक्ति और सामिक वातावरण बना हुआ है।

करंटसे बेटेकी मौत, पिता ने जनसुनवाई में विधायक से मांगी आर्थिक मदद

डीआर संवाददाता•आष्टा



करंट लगने से बेटे की मौत के बाद आर्थिक संकटमा टूटी उम्मीद तेवार धरखेड़ा निवासी विक्रम सिंह कुशवाह को विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की जनसुनवाई में पहुंचे। उन्होंने अपने पुत्र राजकुमार की मौत का हवाला देते हुए परिवार के लिए आर्थिक मदद मांगी। विधायक ने संवेदना व्यक्त करते हुए शासन स्तर पर सहायता के प्रयास करने का आश्वासन दिया।

विधायक इंजीनियर ने अपने जनसंपर्क कार्यालय में शुक्रवार 11 बजे से जनसुनवाई कर शिकायतों की समस्याएं सुनीं। इस कुशवार होने वाली इस जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। ग्राम पंचायत गोपालपुर के हनीवलेही में रामदेव मंदिर निर्माण, मगरविया हाट में रामदेव बाबा के ओटले पर टीन शेड बनवाने और वार्नर जलाशय से साकुआ सडकको को सडकी निर्माताने की अनुमति देने की मांग रखी गई। इसी तरह ग्राम पंचायत टिमरिया में नया हाइमास्टलैंप लगवाने और ग्राम खरी हाट के कबीर मंडल की भजन मंडली के लिए ढाक दंड खरीदने राशि स्वीकृत करने की मांग भी की गई। विधायक ने सभी अधिकारियों पर गण-हु-थान गया की। कुछ समस्याओं को निराकरण के लिए मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर निर्देश दिए जबकि शासन स्तर की मांगों को भोपाल भेजने की बात कही।

बुधवार मंडी नरसिंहगढ़मंडी में लहसुन 14 हजार रुपये क्विंटल बिका, सीहोर में सोयाबीन का मॉडल भाव 6900 रुपये

सीहोर मंडी में कुल आवक 16,674 क्विंटल, कुरावर में सोयाबीन का मॉडल भाव 6,675 रुपये रहा

डीआर संवाददाता•सीहोर।



जिले और आसपास की कृषि उपज मंडियों में कुरावर, 14 अक्टूबर को सोयाबीन और लहसुन के ऊंचे भाव दर्ज किए गए। सीहोर मंडी में सोयाबीन का मॉडल भाव 6,900 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जबकि नरसिंहगढ़ मंडी में लहसुन का अधिकतम भाव 24,000 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज हुआ। श्यामपुर और कुरावर मंडियों में भी सोयाबीन के भाव अच्छे स्तर पर रहे।सीहोर कृषि उपज मंडी में कुल 16,674 क्विंटल उपज की आवक हुई। इसमें सोयाबीन की आवक 11,286 क्विंटल रही।

सोयाबीन का न्यूनतम भाव 4,500, अधिकतम 6,957 और मॉडल भाव 6,900 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। लहसुन का अधिकतम भाव 20,000 रुपये और प्याज का 4,190 रुपये प्रति क्विंटल रहा। राजगढ़ जिले की नरसिंहगढ़ ई-मंडी में कुल 18,476.70 क्विंटल उपज दर्ज की गई। वहां 16,057.15 क्विंटल सोयाबीन आया, जिसका अधिकतम भाव 6,840 और मॉडल भाव 6,500 रुपये रहा।

लहसुन का अधिकतम भाव 24,000 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।कुरावर मंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 6,865 और मॉडल भाव 6,675 रुपये रहा। वहीं श्यामपुर मंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 6,830 और मॉडल भाव 6,600 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।

श्यामपुर में गेहूं का मॉडल भाव 2,520 रुपये रहा।

मंडी में भाव उपज की गुणवत्ता और किस्म के अनुसार अलग-अलग ही सकते हैं। किसानों को बिक्री से पहले संबंधित मंडी के ताजा भाव की जानकारी लेने की सलाह दी गई है।

आरएसआई कप क्रिकेट, भैरुंदा ने सेंटमेरी को 76 रन से हराया

डीआर संवाददाता•सीहोर।

शहर के भोपाल नाका स्थित आवासीय खेलकूद परिसर में आयोजित आरएसआई कप इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में भैरुंदा की टीम ने सेंट मेरी स्कूल को 76 रन से हराया, जबकि दूसरे मुकाबले में लुर्द माता स्कूल ने आईईएस स्कूल को सात विकेट से शिकस्त दी। मैच के बाद आए अतिथि स्वागत सत्कार, अजय चंदेल सहित अन्य लोगों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।पहले मुकाबले में भैरुंदा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 161 रन बनाए। इसमें आदित्य ने 31, दिपू ने 25, सत्यजीत ने 24 और भविष्य ने 17 रन का योगदान दिया। सेंट मेरी की ओर से अभिजीत और तीन ने तीन-तीन विकेट लिए। जवाब में सेंट मेरी की टीम 13. 1 ओवर में 85 रन पर सिमट गई। अंकित ने 51 और सुमित ने 10 रन बनाए। भैरुंदा की ओर से पुरुराज ने चार और सिद्धार्थ ने दो विकेट हासिल किए।

लुर्द माता स्कूल की आसान जोशाप्रतियोगिता के दूसरे मुकाबले में आईईएस स्कूल की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.3 ओवर में 45 रन पर आउट

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ आश्विन शुक्ल पक्ष–05 –2083 विदिशा,गुरूवार,दिनांक, 15 अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

कैपस ड्राइव में 47 विद्यार्थियों ने कराया पंजीयन, दो का चयन

विदिशा। ग्रवरनमेंट कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाविद्यालय विदिशा में प्लेसमेंट ऑफिसर्स कार्यालय के तहत कैपस ड्राइव आयोजित की गई। इसमें 47 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया। 20 विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा दी, जबकि 10 को साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। अंतिम चयन प्रक्रिया में जावेरी मंगल और कुलदीप घटवा का चयन हुआ। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कौशल, आत्मविश्वास और तकनीकी दक्षता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और कॉर्पोरेट क्षेत्र में रोजगार एवं करियर के अवसर उपलब्ध कराना है।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए तीन महिला अधिकारी–कर्मचारी सम्मानित

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शासकीय कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली तीन महिला अधिकारी–कर्मचारियों को सम्मानित किया। जिला शिक्षण अधिकारी साधी त्यागी को खंड शिक्षण व्यवस्था के प्रभावी संचालन, शासकीय आईटीआई की प्राचार्य कविता त्यागी को सभी शासकीय आईटीआई में सत्र–प्रवेश प्रवेश सुनिश्चित करने तथा सामाजिक न्याय विभाग की लिपिक नम्रता लोधी को मुख्यमंत्री जन विकास अभियान के आवेदनों के त्रुटित निराकरण और व्यवस्थित नस्तुति के लिए सराहा गया। कलेक्टर ने कहा कि इन महिलाओं का कार्य अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने विभागों को समन्वय निराकरण और बेहतर नियंत्रणी के निर्देश भी दिए।

सिंचाई व जल आरक्षण पर आज होगी चर्चा

विदिशा। जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक गुरुवार 15 अक्टूबर को कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में दोपहर 12 बजे से होगी। समिति सचिव किरण शंकर के अनुसार बैठक में रबी सिंचाई वर्ष 2026–27 के कार्यक्रम निर्धारण, जलाशयों में उपलब्ध पानी के आधार पर सिंचाई, पेयजल और औद्योगिक उपयोग के लिए जल आरक्षण सहित कई बिंदुओं पर चर्चा होगी। इसके अलावा फसल चयन, जलस्तर सुरक्षण, विद्युत कनेक्शन और नहरों पर बनी सड़कों के संबंध में भी विचार किया जाएगा।

आत्मरक्षा के लिए ताईक्वांडो का प्रशिक्षण

विदिशा। गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं के लिए 21 दिवसीय निःशुल्क ताईक्वांडो प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। 12 अक्टूबर को शाखी डी बीजी अहिरवार ने शिविर का शुभारंभ किया।

ड्रोन सर्वे में छूटे 100 परिवार, स्वामित्व योजना के तहत मालिकाना हक दिलाने की मांग

1981 से सतपाड़ा सराँय की बस्ती में रह रहे ग्रामीणों ने विधायक सूर्यप्रकाश मीणा को सौंपा ज्ञापन, राजस्व रिकॉर्ड की जांच कराने की मांग

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



विदिशा ग्रामीण के सलपाड़ा सराय गांव में बस स्टैंड के सामने स्थित बस्ती के करीब 100 परिवार स्वामित्व योजना के तहत आवासीय भूमि का मालिकाना हक मिलने का इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे वर्ष 1981 से यहां निवास कर रहे हैं, लेकिन ड्रोन सर्वे के दौरान उनके मकानों और जमीन का रिकॉर्ड दर्ज नहीं हो पाया। इसके कारण वे योजना के तहत रायती कार्ड और मालिकाना हक संबंधी दस्तावेजों से वंचित हैं। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर शनिवार विधायक सूर्यप्रकाश मीणा को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि उनके लंबे समय से चले आ रहे निवास और उपलब्ध दस्तावेजों की राजस्व विभाग से जांच कराई जाए। यदि ये योजना के निर्धारित नियमों के अनुसार पात्र पाए जाते हैं, तो उन्हें पी योजना से शामिल कर आवासीय भूमि के दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं।

लंबे समय से निवास के बावजूद राजस्व रिकॉर्ड में नाम नहीं

ग्रामीणों के अनुसार, सतपाड़ा सराय की इस बस्ती में करीब 100 परिवार कई दशकों से रह रहे हैं। इनके बावजूद उनके नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हैं। स्थानीय योजना के तहत आवासीय भूमि का हक दिलाने के लिए ड्रोन सर्वे कराया गया था, लेकिन ड्रोन सर्वे के दौरान उनके मकानों और जमीन का रिकॉर्ड दर्ज नहीं हो पाया। इसके कारण वे योजना के तहत रायती कार्ड और मालिकाना हक संबंधी दस्तावेजों से वंचित हैं। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर शनिवार विधायक सूर्यप्रकाश मीणा को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि उनके लंबे समय से चले आ रहे निवास और उपलब्ध दस्तावेजों की राजस्व विभाग से जांच कराई जाए। यदि ये योजना के निर्धारित नियमों के तहत तकनीकी से सर्वेक्षण कर संशोधनों का रिकॉर्ड तैयार किया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि सर्वे के दौरान उनकी सामग्रियां दर्ज होने से छूट गईं। इससे उन्हें योजना का लाभ मिलने में अड़चनें हो रही हैं।

बस्ती के समीपवर्ती अहिरवार, मुन्नालाल कॉलट, पोतीराम कॉलट, राकेश कॉलट, पंडरूलाल कॉलट, लालाराम अहिरवार, शत्रुघ्न धाकड़, सुरेश धाकड़, छत्रपाल सिंह धाकड़, मंगल सिंह कॉलट, अनिल कॉलट, सुनील कॉलट, हरलाल अहिरवार, पवन पंथी, चुन्नीलाल अहिरवार सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सर्वे के दौरान छूटे परिवारों को चिह्नित कर उनका अधिकार दिलाने की पहल की जाए।

आबादी क्षेत्र में होना जरूरी ,एसडीएम

विदिशा एसडीएम मनीष जैन ने बताया कि ड्रोन सर्वे आबादी क्षेत्र में किया गया था और आबादी क्षेत्र में शामिल परिवारों को योजना से जोड़ा गया है। यदि कोई परिवार आबादी क्षेत्र से बाहर रह रहा है या उसने शासकीय जमीन पर मकान बनाया है, तो वह योजना के लिए पात्र नहीं होगा।

कलेक्टर से चर्चा कर उठवा मामला , विधायक

राजधानन विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने कहा कि सतपाड़ा सराय के ग्रामीणों के स्वामित्व योजना से वंचित होने की शिकायत मिली है। यह गंभीर विषय है कि संबंधित परिवार सर्वे में कैसे छूट गए। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर से चर्चा कर प्रशासनिक हस्तक्षेप के माध्यम से पात्र परिवारों को उनके मकानों का मालिकाना हक दिलाने की बात रखी है।

ग्रामीणों को उम्मीद है कि राजस्व विभाग द्वारा उपलब्ध दस्तावेजों और निवास संबंधी जांचों की जांच के बाद उनकी समस्या का समाधान होगा। उनका कहना है कि लंबे समय से निवास करने के बावजूद स्वामित्व संबंधी दस्तावेज नहीं मिलने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब वे प्रशासन से निष्पक्ष जांच और नियमानुसार कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं।

अघोषित बिजली कटौती के विरोध में चक्काजाम, एक घंटे यातायात प्रभावित



डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।

शनिवार शाम लगभग 6 बजे से लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों ने कुम्हार की खिरोनी–भोपाल मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। करीब एक घंटे तक चले प्रदर्शन के कारण सड़क पर यातायात प्रभावित रहा। इस दौरान वाहनों की कतारें लग गईं और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

ग्रामीणों का कहना था कि बिना पूर्व सूचना के बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है। इससे घरेलू कामकाज के साथ छोटे और व्यापार भी प्रभावित हो रहे हैं। किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है, वहीं बिजली पर निर्भर अन्य कार्य भी बाधित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और कटौती की समस्या का समाधान करने की मांग उठाई।

समझाइश के बाद समाप्त हुआ प्रदर्शन

मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी आशुतोष राणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बिजली विभाग के अधिक अधिकारी अनिल बघरी भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया और मार्ग पर यातायात सामान्य हो गया।

मांग और आपूर्ति के संतुलन के लिए कटौती

बिजली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, जब बिजली की मांग उपलब्ध आपूर्ति से अधिक हो जाती है, तब मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए लोड शेडिंग की जाती है। कंपनी सेवे में इसका अन्य अधिक विकल्प देख है। ग्रामीणों का कहना है कि फसली की सिंचाई के लिए दिन भर में कम से कम बिजली की अधिक आवश्यकता होती है, उसी दौरान कटौती होने से उनकी परेशानी बढ़ जाती है।

खेत में मोटर निकालते समय करंट लगने से किसान की मौत,

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



रविवार जिले के बांसखेड़ा गांव में खेत से मोटर निकालते समय करंट लगने से 40 वर्षीय किसान सलीम खान की मौत हो गई। घटना सोमवार देर रात की है। हादसे के बाद परिजन उन्हें उपचार के लिए विदिशा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

परिजनों के अनुसार, सलीम खान रात में अपने खेत पर मोटर निकाल रहे थे। उसी समय बिजली की आपूर्ति बंद थी। इसी दौरान आचानक बिजली प्रवाह हो गई और वह करंट की चपेट में आ गए। हादसे के बाद परिवार उन्हें तत्काल आपातकाल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी।

सलीम खान पांच बच्चों में सबसे बड़े थे। उनके परिवार ने दो बेटियां हैं। उनकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मातम के बाद परिजन सदमे में हैं।

बुधवार को मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। हादसे ने परिवार मरे रहरे दुख में डाल दिया है।

सौजना में 2.43 करोड़ रुपये से बने बिजली उपकेंद्र का लोकार्पण

14 गांवों में कम होगी लो-वोल्टेज की समस्या, किसानों और ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



जिले की लटेरी तहसील के ग्राम सौजना में कुवार को 33x11 केवी बिजली उपकेंद्र का लोकार्पण किया गया। 2 करोड़ 43 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस उपकेंद्र का उद्घाटन सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा की गौरतुलसी ने हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, बिजली विभाग के अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

नए बिजली उपकेंद्र के चालू होने से क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था मजबूत होने और लो-वोल्टेज की समस्या में कमी आने की उम्मीद है। इससे किसानों को सिंचाई के लिए बिजली मिलने में सुविधा होगी, वहीं ग्रामीण परिवारों को घरेलू जरूरतों के लिए बेहतर विद्युत आपूर्ति उपलब्ध हो सकेगी।

इन 14 गांवों को मिलेगा लाभ

इस उपकेंद्र से सौजना, सागर, आमखेड़ा, सलनगर, बस्लेडा छोसी, रामपुर-भोजपाडर, टोकरा, वेहरी, मोहम्मदगढ़, रामगढ़, सबदलपुर, डिमरोली, शहरखेड़ा और पंचमढ़ी सहित आसपास के 14 गांवों को लाभ मिलेगा।

उपकेंद्र के निर्माण से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होने और वोल्टेज संबंधी परेशानियां कम होने की संभावना है। इससे कृषि कार्यों के साथ ग्रामीणों के दैनिक कामकाज को भी सुविधा मिलेगी। यह परियोजना क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

जनसुनवाई बनी राहत का माध्यम, आवेदक को मिला तत्काल समाधान

डीआर संवाददाता ✉ गंजबासौदा



जिला प्रशासन द्वारा जनसुनवाई के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में प्रभावी पहल की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम झूकर जोगी , तहसील लटेरी, जिला विदिशा निवासी श्री हरलाल सिंह पुत्र श्री बालाराम सिंह राजपूत द्वारा जनसुनवाई में प्रस्तुत आवेदन को तत्काल निराकरण किया गया।

आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में मौके पर ही समाधान सुनिश्चित कराने का प्रयास किया गया। इस पहल से ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास और सकारात्मक सोच देखने को मिली है।

552 मीटर लंबी चुनरी लेकर माता अन्नपूर्णा मंदिर पहुंचे हजारों श्रद्धालु

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा



नवरात्रि के चौथे दिन कुवार को ग्राम मंदिर से मां अन्नपूर्णा दरबार लोहानी पहाड़ी तक 552 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई। इसे आयोजन समिति के तत्वावधान में निकाली यात्रा में करीब 551 मीटर लंबी चुनरी लेकर शहर के हजार नागरिक से गुजरे। दो श्रद्धालु दण्डवत पहुंचने पर रुद्राक्षपुरी पूजा-अर्चना कर अपनी उपवास तोड़ा की। चुनरी यात्रा में विधायक पूर्वेश टंडन, श्यामसुंदर शर्मा, राकेश शर्मा सहित सहस्रवासी शामिल हुए। समिति संयोजक मिथलेश पाठी ने नेतृत्व में निकली यात्रा ने सर्किट अध्यक्ष कन्हैया सिंह सूर्यवंशी, सचालन सिंह राजपूत सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

जनगणना-2027 की तैयारियों का निदेशक संजीव श्रीवास्तव ने लिया जायजा

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



जनगणना–2027 की तैयारियों को लेकर बुधवार को जनगणना कार्य निदेशालय, मध्यप्रदेश के निदेशक संजीव श्रीवास्तव और उप–महानिदेशक विजय कुमार ने विदिशा जिले में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान जनगणना के द्वितीय चरण हाउसलिस्टिंग एवं हाउसिंग गणना के लिए सभी तैयारियों एवं संबंधित कार्मिकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण और व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर मीना मवासया भी उपस्थित रहीं।

निरीक्षण के दौरान निदेशक श्रीवास्तव ने अधिकारियों को जनगणना से जुड़े विभिन्न पहलुओं और दिशा–निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां तय समय–सीमा में पूरी की जाएं और कार्य की गुणवत्ता एवं शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से जनगणना की प्रक्रिया, निर्धारित प्रपत्रों और अपने दायित्वों की जानकारी गंभीरता से समझने को कहा, ताकि आगामी चरण में कार्य के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही अधिकतम अपने उप्रे समय पर आवश्यक मार्गदर्शन देने और आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

लोकार्पण

रॉयल सिटी के पार्क में टीन शेड का भूमिपूजन, जयप्रकाश नगर में सीसी रोड का लोकार्पण

4.23 लाख रुपये से बनेगा टीन शेड, 14 लाख रुपये की सड़क नागरिकों को समर्पित

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



शहर में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों के तहत रॉयल सिटी के बड़े पार्क में टीन शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। वहीं, जयप्रकाश नगर में 14 लाख रुपये की लागत से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण कर नागरिकों को सुविधा की सौगात दी गई। दोनों कार्यक्रमों में विधायक पूर्वेश टंडन और नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

रॉयल सिटी स्थित बड़े पार्क में 4 लाख 23 हजार रुपये की लागत से टीन शेड का निर्माण कराया जाएगा। इसके बनने से पार्क में आने वाले नागरिकों को धूप और बारिश से बचाव की सुविधा मिलेगी। साथ ही सार्वजनिक और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी यह उपयोगी साबित होगा। पार्क में टीन शेड बनने से स्थानीय नागरिकों को पैदल और सामूहिक गतिविधियों के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी।

सीसी रोड बनने से आवागमन होगा आसान

जयप्रकाश नगर में 14 लाख रुपये की लागत से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण होने से क्षेत्र के श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा होगी। वार्ड पार्षद ने स्थानीय स्तर पर सुविधाओं की मांग को लगातार उठाया था। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अच्छी सड़कें क्षेत्र के विकास और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य कराए जा रहे हैं। इन कार्यों का उद्देश्य नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाओं का विस्तार करना और शहर के आंतरिक क्षेत्रों को मजबूत बनाना है।

कार्यक्रम के दौरान दुर्गेश्वर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, बैसनगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने शहर में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

जिले की 2.71 लाख लाड़ली बहनों के खातों में पहुंचे 39.80

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अक्टूबर माह की सहायता राशि

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



विदिशा। कुलश्रेष्ठी लाड़ली बहना योजना के तहत कुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्रामीण में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रदेश की पात्र महिलाओं के बैंक खातों में अक्टूबर माह की आर्थिक सहायता राशि अंतरित की। इसके तहत विदिशा जिले की 2,71,455 महिलाओं के खातों में कुल 39.80 करोड़ रुपये भेजे गए।

राज्य सरकार कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विदिशा जिले के सभी आंगनवाड़ी सेंटरों और परियोजना कार्यालयों में किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस व्यवस्था में विभागीय अधिकारियों, परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और योजना की हितग्राही महिलाओं ने सहभागिता की।

जिले में बासौदा, ग्यारसपुर, कुरवाई, लटेरी, नटेरन, सिरोंज और विदिशा सहित विभिन्न ग्रामीण विकासों की महिलाओं ने कार्यक्रम को सामूहिक रूप से देखा। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री ने प्रदेश की महिलाओं को संबोधित किया।

जनपद पंचायतों के साथ नगरीय निकायों की पात्र महिलाओं के खातों में राशि अंतरित की गई। योजना के माध्यम से महिलाओं को निःशुल्क आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। राशि मिलने से हितग्राही महिलाएं अपनी आवश्यकताओं पर खर्च कर सकेंगी।

डिजीटल अखबार

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

आश्विन शुक्ल पक्ष-05 -2083 राजगढ,दिन गुरुवार,दिनांक 15अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

पूर्व सरपंच को फोन पर जान से मारने की धमकी, आरोपी पर केस दर्ज

सुखा। आरोन थाना क्षेत्र में पूर्व सरपंच राजीव सिंह रघुवंशी को मोबाइल पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने राजपुर थाना निवासी सेर सिंह चौहान के खिलाफ बीएनएस की धारा 296(बी) और 351(3) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। राजीव सिंह निवासी छात राजगढ़ और वर्तमान में जिला मोहनगढ़ आरोन में रह रहे हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि आरोपी ने फोन कर वीडियो वायरल करने का आरोप लगाते हुए अपशब्द कहा का इस्तेमाल किया और भोपाल से आरोन आने पर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी के अनुसार, 6 अक्टूबर को भी उसने टीडीओ के सामने आरोपी ने उन्हें घेरकर गाली-गलौज और धमकी दी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुरानी रंजिश में दुकान पर लाठी से हमला, गंभीर घायल

सुखा। आरोन थाना क्षेत्र के करुणाखेड़ी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक दुकान पर लाठी से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने वीरेन्द्र राजपूत की रिपोर्ट पर दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फरियादी वीरेन्द्र राजपूत पुत्र मोहन सिंह राजपूत ने पुलिस को बताया कि रात करीब 11 बजे वह गांव में राजपूत समाज की नवदुर्गा झांकी के पास लालजीराम राजपूत की दुकान में अनिल, लल्लाराम और प्रदीप के साथ बैठा था। इसी दौरान गांव के नीलेश और रामबाबू वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। फरियादी ने बहार आकर उन्हें गाली देने से रोका किया, तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। घटना में चुकक गंभीर रूप से घायल हुआ। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

अवैध शराब के मामलों में पुलिस ने की जब्ती

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुंगावली, ईसागढ़ और शाहीर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से हजारों ली शराब बरामद की। मुंगावली पुलिस ने मैक्सकांडर निवासी विशाल बागी के पास से जाल सौंदर शराब जब्त की। ईसागढ़ पुलिस ने हेवा मोचार निवासी गुरुशीश गुप्तर और सुखदीन मूलवार के पास से पांच-पांच लीटर अवैध शराब की। वहीं, शाहीर पुलिस ने बिरौली उपरा निवासी भुरिया बाई और भगवर निवासी तोमन सिंह प्रजापति के पास से पांच-पांच लीटर देशी शराब जब्त की।

बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेसियों ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव

एक घंटे तक नारेबाजी और रामधुन से जताया विरोध, 15 अक्टूबर से लोड शेडिंग का शेड्यूल बदलने के आश्वासन पर समाप्त हुआ धरना

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़।

राजगढ़। शहरीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती के विरोध में शुक्रवार शाम कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। मुख्य द्वार पर बैरिकेडिंग लगाए जाने से नाराज प्रदर्शनकारियों ने परिसर में प्रवेश करने की कोशिश की। बाद में गेट खुलने के बावजूद कांग्रेसियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की नई और रामधुन गाकर विरोध जताया गया। बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा 15 अक्टूबर से लोड शेडिंग का शेड्यूल समाप्त हुआ।



बैरिकेडिंग देखकर भड़के कांग्रेसी, गेट पर दिया धरना

कांग्रेसियों का कहना था कि उन्होंने अपनी मांगों को लेकर एक दिन पहले ही कलेक्ट्रेट को सूचित किया था। इसके बावजूद कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया गया। गौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की नोकझोंक भी हुई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़कर नारेबाजी करते दिखाई दे रहे हैं।

पर्याप्त बिजली तो गांव अंधेरे में क्यों , प्रियव्रत सिंह

पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह ने सवाल उठाया कि जब प्रदेश में बिजली की उपलब्धता मांग के अधिक होने की बात कही जाती है, तो फिर लोड शेडिंग के नाम पर ग्रामीण क्षेत्रों में कटौती आखिर क्यों की जा रही है? उन्होंने कहा कि नवरात्रि जैसे प्रमुख त्योहार के दौरान शहर के साथ बिजली नहीं रहने से धार्मिक आयोजनों और गरबा की आखरी तक पर असर पड़ रहा है।

डीई के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए जिलाध्यक्ष

प्रदर्शन के दौरान राजगढ़ विधानसभा प्रभारी अरुण सक्सेना, जिलाध्यक्ष उमाशंकर गौके पर पहुंचे। हालांकि, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह लोड शेडिंग के कारणों को लेकर उनके जवाब से संतुष्ट नहीं हुए। इसके बाद उन्होंने बिजली कंपनी के एसई देवेंद्र कुमार मेहरा को फोन कर कलेक्ट्रेट बुलवाया। उस समय एसई दफ्तर में मौजूद थे। उनके पहुंचने के बाद बिजली कटौती के क्षेत्रवार में बदलाव को लेकर मंथन हुआ।

15 अक्टूबर से शेड्यूल बदलने का आश्वासन

बैठक के दौरान कांग्रेसियों ने खान के समय होने वाली बिजली कटौती तत्काल रोकने और बिजली कंपनी के प्रबंध निदेशक से चर्चा कर लोड शेडिंग के शेड्यूल में संशोधन करने का भरोसा दिलाया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त कर दिया।

पशु स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, मंत्री डॉ. टेटवाल ने दिए निर्देश



डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर।

नगर स्थित सेवा सदन कार्यालय में मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन विभाग एवं राजगार मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के पशु चिकित्सकों और विभागीय कर्मचारियों के साथ बैठक की। इसमें पशु स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए पशुधन के संरक्षण, संवर्धन और पशुपालकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। टेटवाल ने अधिकारियों और पशु चिकित्सकों को निर्देश दिए कि पशु स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाया जाए। पशुपालकों को पशुओं के उपचार, टीकाकरण और अन्य आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं समय पर मिले, इसके लिए विभागीय स्तर पर बेहतर समन्वय के साथ काम किया जाए।

उन्होंने कहा कि पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए पशुओं के स्वास्थ्य की रक्षा, संवर्धन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने निर्देशित अमले से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन संवेदनशीलता और सजगता के साथ करने को कहा, ताकि पशुपालकों को अनावश्यक परेशानी न हो।

बैठक के दौरान पशु चिकित्सकों ने क्षेत्र में पशु स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं और आवश्यकताओं से संबंधित सुझाव भी रखे। मंत्री ने सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

डॉ. टेटवाल ने कहा कि सरकार का संकल्प स्वस्थ पशुधन, समृद्ध पशुपालक और सशक्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। इसके लिए पशु चिकित्सा सेवाओं को मजबूत बनाने और पशुपालकों तक सुविधाएं पहुंचाने पर लगातार काम किया जाएगा।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी मिलन समारोह आयोजित

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़।

नरोदा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी मिलन समारोह का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 12 (1) एवं 12 (2) में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष कालना वर्मा एवं सिविला संगत वैद्य उपस्थित रहीं। अतिथियों ने महिलाओं एवं बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, टीकाकरण, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य



जांच के प्रति जागरूक किया। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या योजना सहित शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

समुदायिक रुकावटों को खाने के लिए गीत जनकल्याणकारी लखेंद्र, लक्ष्य सिंह, प्रतियोगिता, गतियों सहित स्थानीय कलाकारों

के आयोजन की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा गोस्वामी, नन्हीं पात्र रक्षा रक्षाविका रजनी व्यास एवं विजेकिस

चार साल बाद भी मॉडल कॉलेज तक पक्की सड़क नहीं, कलेक्टोरेट पहुंचे विद्यार्थियों ने अनियमितताएं गिनाईं

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़।

सरकारी बॉयज कॉलेज का भवन तैयार हुए करीब चार साल बीत चुके हैं, लेकिन अब तक कॉलेज तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं बन सकी है। विद्यार्थियों को आज भी कच्चे और बदहाल रास्ते से होकर कॉलेज पहुंचना पड़ रहा है। समस्या को लेकर मंगलवार को विद्यार्थी कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर से मिलकर ज्ञापन सौंपकर सड़क निर्माण की मांग की।



कॉलेज परिसर में शैक्षणिक भवन के साथ छात्रावास भी हैं। ऐसे में विद्यार्थियों की नियमित आवाजाही के लिए सुगम पहुंच सर्वर जरूरी है, लेकिन मौजूदा रास्ते की स्थिति से उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है।

इससे पहले विधायक अपर सिंह यादव ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को पत्र लिखकर कॉलेज के बाहरी विकास कार्यों का प्रावक्कलन तैयार करने और तकनीकी स्वीकृति उपलब्ध कराने की मांग की थी। इसके बावजूद सड़क निर्माण शुरू नहीं हो सका।

मंगलवार को विद्यार्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने अपर कलेक्टर के पद्मा में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इसमें जोया खान, मुस्कान खान, प्रियंका सौंगर, देवराज दांगी और रक्षा सोंसिया शामिल थे। विद्यार्थियों ने सवाल उठाया कि चार साल बीतने के बाद भी सड़क निर्माण कब तक कराया जाएगा।

इस मामले में लोक निर्माण विभाग (भवन) के कार्यपालन यंत्री ज्ञानदीप भुगरकर से फोन पर जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

छत पर तराई करते समय करंट की चपेट में आया नौवीं का छात्र, मौत

डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर।

राजगढ़ जिले के सारंगपुर ब्लॉक के बागदा गांव में कुरावर सुबह करंट लगने से 17 वर्षीय छात्र रवि नागर की मौत हो गई। वह अपने निर्माणाधीन मकान की छत पर पानी की तराई कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आकर बेसुध हो गया।



जानकारी के अनुसार, रवि पिता जीतमल नागर गांव के हाईस्कूल में नवमा नौवीं का छात्र था। कुरावर सुबह करीब 9 बजे वह घर मकान की छत पर पानी डाल रहा था। ढलने के बाद परिवार उसी कारखत सिविल अस्पताल सारंगपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद परिवार में शोक छा गया। अस्पताल में आवश्यक प्रक्रिया के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

नवरात्रि पर आयोजन किया गया

डीआर संवाददाता ✉ जीरापुर

नगर के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल ने नवरात्रि के पावन पर्व पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की समस्त छात्राओं ने सामूहिक पूजन भाग लिया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों को प्रेमपूर्वक भोज प्रसादी परोसी गई, जिसे छात्राओं ने बड़ा एक अनन्त के साथ ग्रहण किया। विद्यालय के प्रभारी प्रेरक वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान नवरात्रि पर्व एवं कन्या पूजन की परंपरा और धार्मिक महत्व को



आत्मसात करना रहा। इस अवसर पर प्राचार्य वर्मा ने कहा कि नवरात्रि में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। इसी भावना के साथ विद्यालय परिवार द्वारा छात्राओं के लिए कन्या भोज का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी छात्राओं को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहा।

नमकीन बनाने में इस्तेमाल हो रहा 20 किलो जला तेल नष्ट कराया

डीआर संवाददाता ✉ नरसिंहगढ़

खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने कुरावर को नरसिंहगढ़ स्थित मालविका स्नैक्स और अन्नपूर्णा डेयरी एंड स्वीट्स का निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एन.एस. सक्सेना के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान निर्माण प्रक्रिया की सुरक्षा जांच के लिए एकत्र किए।



खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाएगा।

निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्वीट्स में नमकीन बनाने के लिए इस्तेमाल हो रहा करीब 20 किलो जला हुआ पाया गया। अधिकारी के निर्देश पर करीब 20 किलो जला तेल, जिसकी अनुमानित कीमत 4 हजार रुपये है, मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसी तेल से बनी लौंग सेव का नमूना भी लिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

टीम ने दुकानों में स्वच्छता, खाद्य सामग्री के संग्रहण, लाइसेंस और खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच कर संचालकों को निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए।

गरबा की धूम

19 वर्षों से गरबा महोत्सव की परंपरा को आगे बढ़ा रहीं 17 बहनों से शुरू हुआ सफर, आज हजारों महिलाएं और बालिकाएं लेती हैं भाग्य चौपड़ा हनुमान मंदिर में देर रात तक गूंजे गरबा के स्वर

डीआर संवाददाता ✉ नरसिंहगढ़।

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर चौपड़ा हनुमान मंदिर परिसर में गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मां शारदा के पूजन और चौपड़ा हनुमान जी की आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद बालिकाओं और महिलाओं ने गाए गरबे के उत्साहते के बीच पारंपरिक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। देर रात तक चले आयोजन में श्रद्धालुओं और दर्शकों का उत्साह देखते ही बना। पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।

17 बहनों से शुरू हुई परंपरा, आज हजारों की सहभागिता



गरबा महोत्सव समिति की प्रमुख सगिता अग्रवर पिछले 19 वर्षों से नरसिंहगढ़ में इस धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव को आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने बताया कि आयोजन की शुरुआत सीतला माता मंदिर में बालिकाओं के गरबा नृत्य से हुई थी। दूसरे वर्ष से महिलाओं ने भी इसमें सहभागिता शुरू कर दी। शुरुआत में केवल 17 बहनें गरबा खेलने पहुंची थी, लेकिन धीरे-धीरे यह आयोजन नगर की प्रमुख सांस्कृतिक पहचान बन गया। आज इसमें हजारों महिलाएं और बालिकाएं उत्साहपूर्वक भाग लेती हैं।

महिलाओं ने बढ़ाया महिलाओं का उत्साह

गरबा महोत्सव में डॉ. सीमा जादव, श्री. चतु मेहरा, नगर पालिका अध्यक्ष ममता मंडलोई, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मंजुलता सिंहरे, उर्मिला रघुवंशी, समाजसेवी हेमलता सलेचा, लायंस क्लब की डॉन मेवसपत्नी जया गंडारी और गायकी मंदिर की अध्यक्ष मंगला मिका सहित अन्य अतिथियों ने सहभागिता की।

महिलाओं और बालिकाओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजन के दौरान संचालन अवधारणा की ओर से प्रभावी श्रद्धालुओं और गरबा देखने आए लोगों के लिए कलाकार की व्यवस्था की थी। नई गरबा महोत्सव ने धार्मिक आस्था के साथ महिला सहभागिता और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया। गाता रानी के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक आयोजन में भाग लिया।

मां भद्रकाली को ओढ़ाई 51 मीटर की चुनरी, नगर में निकली भव्य यात्रा

डीआर संवाददाता ✉ माचलपुर।

नगर में शुक्रवार को मां भद्रकाली के प्रति श्रद्धा और भक्ति का अनूठा दृश्य देखने को मिला। नगर के प्राचीन और शेत्र में स्थित मां भद्रकाली मंदिर में माता रानी को 51 मीटर की चुनरी ओढ़ाई गई। इस अवसर पर कलरंग वालव मंडल के तत्वावधान में माता चुनरी यात्रा निकाली गई, जिसमें नगर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। चुनरी यात्रा की शुरुआत इमली वाले बालाजी मंदिर से हुई। ढोल-नगाड़ों और डीजे पर गूंजते माता रानी के भजनों के बीच श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। यात्रा के आगन पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। महिला, पुरुष और बच्चों सहित बड़ी संख्या में भक्त यात्रा में शामिल हुए और माता रानी के दर्शन किए।



पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

इमली वाले बालाजी मंदिर से शुरू हुई यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मां भद्रकाली मंदिर पहुंची। यात्रा के रास्ते में स्थानीय लोगों ने अपने घरों के सामने से गुजर रहे श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इससे भक्तों का उत्साह और बढ़ गया। मंदिर पहुंचने पर माता रानी को 51 मीटर की चुनरी अर्पित की गई। आयोजन में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में रक्तदान कर सहभागिता की। चुनरी यात्रा के माध्यम से नगरवासियों ने मां भद्रकाली के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। पूरे आयोजन में श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक उल्लास का मनोरम दिखाई दिया।